# LIVESTOCK RESEARCH STATION: BEECHWAL

(RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES: BIKANER)

।पशुधनं निर्व्यं सर्वलोकोपकारकम्।

Dr. Mohan Lal Choudhary
OFFICER INCHARGE
Mob : 9414603842
Email: lrsbeechwal@gmail.com

Bijey Bhawan Palace
Veterinary College Campus
Bikaner 334 001
Rajasthan, India


**No. F ( )/LRS Beechwal/2023-24/515** **Dated : 10.03.2025**

श्रीमान नोडल अधिकारी (वेबसाईट)
राजुवास, बीकानेर।

विशय : दूग्ध विक्रय निविदा सूचना **503** **दिनांक** 10.03.2025 को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि संलग्न निविदा सूचना **503** **दिनांक** **10.03.2025** को राजस्थान पशुचिकित्सा और पशुविज्ञान विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावें।

सधन्यवाद।

संलग्न :– **उपरोक्तानुसार।**

(मोहनलाल चौधरी)
प्रभारी अधिकारी

।पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्।

# LIVESTOCK RESEARCH STATION: BEECHWAL

(RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES: BIKANER)

Dr. Mohan Lal Choudhary
OFFICER INCHARGE
Mob : 9414603842
Email: lrsbeechwal@gmail.com

Bijey Bhawan Palace
Veterinary College Campus
Bikaner 334 001
Rajasthan, India

**No. F ( )/LRS Beechwal/2024-25/503** **Dated : 10.03.2025**

## दुग्ध विकय – निविदा सूचना

पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल, बीकानेर, राजस्थान पर थारपारकर गायों के दूध का विकय 01.04.2025 से 31.03.2026 के लिए किया जाना है अतः संबंधित इच्छुक ठेकेदारों/फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्न लिखित है:

| क. सं. | अनुबंध के कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र शुल्क | अनुमानित वार्षिक मूल्य (रूपये) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये) | निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र के बीछवाल स्थित फार्म से थारपारकर गाय का प्रातः एवं सांय 01.04.2025 से 31.03.2026 तक दुग्ध विकय करना। | रू. 500.00 | रू. 4000000.00 (40 लाख) | रू. 80000.00 | **24.03.2025 (दोपहर 12.30 बजे तक)** | **24.03.2025 (दोपहरः 03.30 बजे)** |

उपरोक्त कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र 10.03.2025 से 24.03.2025 प्रातः 11.00 बजे तक कार्यालय समय में प्रभारी अधिकारी, कार्यालय पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल, वेटनरी कॉलेज परिसर, बीकानेर, से प्राप्त कर अन्तिम तिथि एवं समय (24.03.2025 को शाम 12.30) तक बोली प्रतिभूति राशि नगद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट राशि सहित जमा कराये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://rajuvas.org/ एवं https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/index.php पर देखी जा सकती है।

संलग्न :– दूग्ध विक्रय निविदा प्रपत्र मय शर्ते

(UBN-VAU2425GLOB00142)

(मोहनलाल चौधरी)
प्रभारी अधिकारी

।पशुधनं नित्यं सर्वलोकोपकारकम्।

# LIVESTOCK RESEARCH STATION: BEECHWAL
(RAJASTHAN UNIVERSITY OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCES: BIKANER)

Dr. Mohan Lal Choudhary
OFFICER INCHARGE
Mob : 9414603842
Email: lrsbeechwal@gmail.com

Bijey Bhawan Palace
Veterinary College Campus
Bikaner 334 001
Rajasthan, India

**Dated : 10.03.2025**

## दूग्ध विक्रय–निविदा प्रपत्र

1. निविदा प्रपत्र शुल्क – रू. 500.00
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय – दिनांक 24.3.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि एवं समय – दिनांक 24.03.2025 को दोपहर 12.30 बजे तक
4. निविदा खोलने का समय – दिनांक 24.03.2025 को दोपहर 03.30 बजे
5. निविदा सन्दर्भ No.F()/LRS Beechwal/2023-24/ दिनांक :

| कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित अवधि | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये) | बोली प्रतिभूति राशि का विवरण |
|---|---|---|---|
| पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल फार्म से गाय का प्रतिदिन प्रातः एवं सांय दुग्ध विकय | 1.04.2025 से 31.03.2026 | रू. 80000/– | |

6. मैंने निविदा में वर्णित सभी शर्तें ध्यान से पढ़ ली हैं और पूर्ण रूप से समझ ली हैं। मैं निविदा की सभी शर्तों से पूरी तरह से सहमत हूँ। उपरोक्त शर्तो के अनुसार मैं पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल से गाय का दुग्ध रू.............................(रूपये.................................................................) प्रति लीटर की दर से भुगतान करके खरीदने को सहमत हूँ।

निविदादाता के हस्ताक्षर. ....................................................
नाम और पता ....................................................
....................................................

## थारपारकर गाय के दूग्ध विक्रय हेतु निविदा की शर्ते

1 निविदा प्रस्तुत करने के लिए प्रत्येक निविदादाता को मोहरबन्द निविदा प्रपत्र के साथ बोली प्रतिभूति राशि रूपये 80000/– प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल के नाम नगद/रेखाकित बैंक ड्राफ्ट के द्वारा जमा करानी होगी। बिना बोली प्रतिभूति राशि के निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगा। उक्त निविदा हेतु प्रस्तुत दरें 01 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026 तक मान्य रहेगी।

2 **निविदा में निविदादाता की कोई शर्त मान्य नहीं होगी। न्यूनतम निविदा दर 43.00 रूपये प्रति लीटर रहेगी।** किसी भी प्रकार के विवाद में कमेटी का अंतिम निर्णय सभी को मान्य होगा। निविदादाता को अपनी दर 50 पैसे के गुणांक में भरनी होगी, 50 पैसे के गुणांक में भरी हुई दरे ही मान्य होगी।

3 **कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि** 150000/– रूपये है। निविदा पक्ष में स्वीकृत होने पर सफल निविदादाता को **कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि** 150000/– रूपये जमा करानी होगी। **कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि** 150000/– रूपये ठेका अवधि के दौरान जमा रहेगी। ठेके को संतोषजनक पूरा करने पर ठेकेदार को कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि बिना ब्याज के लौटा दी जायेगी, यदि ठेके के दौरान ठेकेदार द्वारा केन्द्र पर किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचाई गई तो कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी तथा क्षति का भुगतान कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के अलावा ठेकेदार को अलग से करना होगा।

4 सफल निविदादाता को स्वीकृत आदेश जारी करने के उपरान्त रूपये 500/– (पाँच सौ रूपये) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल के पक्ष में अनुबन्ध भरकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि एवं अनुबन्ध पत्र जमा कराने पर ही दूग्ध दिया जाना प्रारम्भ किया जाएगा।

5 स्वीकृति आदेश प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल के द्वारा जारी होने के बाद स्वीकृत दर पर ठेकेदार द्वारा प्रतिदिन उठाये गये दूध का भुगतान कार्यालय में निर्धारित समय पर नगद राशि द्वारा करना अनिवार्य होगा।

6 प्रथम उच्च दर पार्टी के असफल होने की स्थिति में उसकी जमानत राशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

7 दूसरे नम्बर के उच्चतम दर वाले फर्म की जमानत राशि 15 दिन के लिये कार्यालय में जमा रहेगी।

8 अधिकतम दर को स्वीकार करना, अपरिहार्य कारणों से ठेके की अवधि घटाना तथा बिना कारण बताये निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रभारी अधिकारी, पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल को रहेगा। जिसके लिए सफल निविदादाता को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी और निविदादाता का कोई एतराज मान्य नहीं होगा।

9 प्रातः एवं सांय दूध दुहने का समय नियत है। ठेकेदार दूध दुहने के समय स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकेगा। वह दूध दुहने से लेकर तौल तक सम्पूर्ण प्रक्रिया में उपस्थित रह सकेगा ताकि दूध में मिलावट/गुणवता सम्बन्धित मिथ्या आरोप की संभावना नहीं रहे। दूध जैसा उत्पादित होगा, उसी मानक का लेना होगा। दूध उठाने से पूर्व दूध की गुणवता की जाँच की जिम्मेदारी आवेदक की होगी। दूध की कम्पोजिशन गुणवता के सबंध में फार्म कार्यालय का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

10 दूध का उत्पादन प्रातः, सांय, दैनिक, मासिक या वर्ष भर समान नहीं रहता। जितना उत्पादन होगा उसमें से केन्द्र पर दूध उत्पाद बनाने एवं अनुसंधान कार्य को देने के बाद शेष दूध ही सफल निविदांदाता को दिया जायेगा, इस पर निविदादाता को किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी। प्रतिदिन (प्रातः एवं सांय) विक्रय किये जाने वाले दूध की मात्रा में असमानता रहती है।

11 दूध दुहने के पश्चात् ठेकेदार को समय पर दूध ले जाना होगा। यदि ठेकेदार द्वारा विलम्ब से दूध ले जाया जाता है तो दूध खराब होने के कारण इसकी जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी इसके लिए ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा। यदि निर्धारित समय पर सफल निविदादाता द्वारा दूध नहीं उठाया जाता है तो वि वविद्यालय/विभाग दूध निस्तारण के लिए स्वतंत्र होगा। ऐसी परिस्थिति में यदि निर्धारित मूल्य से कम आय प्राप्त होती है तो अन्तर की राशि आवेदक (निविदादाता) को वहन करनी होगी और उसे अन्तर राशि अविलम्ब जमा करानी होगी।

12 ठेकेदार डेयरी परिसर में किसी भी बाहरी व्यक्ति को दूध विकय नहीं करेगा।

13 खाद्य पदार्थ बिकी संबंधी अधिनियम के तहत लाइसेंस लेना एवं उससे संबन्धित समस्त कार्यवाही ठेकेदार को अपने स्तर पर करनी होगी। अनुबंध की अवधि पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल के हित में घटाई या बढ़ाई जा सकती है जिसकी पालना करने के लिये ठेकेदार बाध्य होगा।

14 दरें सही (बाजार भाव के अनुरूप) प्राप्त नही होने पर अगर कमेटी चाहे तो निविदादाताओ में प्रतियोगी बातचीत द्वारा दरें निर्धारित करवा सकेगी। किसी भी प्रकार विवाद में अद्योहस्ताक्षरकर्ता एवं कमेटी का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

15 किसी भी वाद का क्षेत्र बीकानेर होगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर. ....................................................
नाम. पता ....................................................
....................................................